# हिंदी युवकभारती

**समय : 3 घंटे** **जुलाई - 2016** **कुल गुण : 80**

**प्र.१. (अ) निम्नलिखित विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए:** **(४)**

(१) खाद्य पदार्थों में ..................... सोना को पसंद थे। *(अ) मिठाई (ब) बिस्कुट (स) चने*

(२) बाऊजी एक ईमानदार ..................... थे। *(अ) प्रधान (ब) मैनेजर (स) सरकारी कर्मचारी*

(३) शनि सौर मंडल का ..................... बड़ा ग्रह है। *(अ) पहला (ब) दूसरा (स) तीसरा*

(४) इधर बाहर दरवाजा थपथपा रहा और आवाज लगा रहा ..................... बारिश में पूरी तरह भीगा हुआ था। *(अ) पड़ोसी (ब) रिश्तेदार (स) यदु मिस्त्री*

**(आ) निम्नलिखित में से कोई <u>एक</u> गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **(४)**

शांभा - "हमारे प्यारे सरपंच के हुकम से इस कंजूस किरोड़ीमल को सजा दी जाती है कि यह उसी लड़की से जाकर अपने लड़के की शादी कम व्यय में करे। अपने समधी से माफी माँगे।"

**प्रश्न :**

(१) उपर्युक्त अवतरण किस एकांकी से लिया गया है और उसके लेखक कौन हैं?

(२) किरोड़ीमल को सजा कौन देता है?

(३) किरोड़ीमल को किससे क्षमा माँगने के लिए कहा गया है?

(४) उपर्युक्त अवतरण में किस समस्या पर प्रकाश डाला गया है?

**अथवा**

"रसायन हमारी आवश्यकता है। ये हमारे पर्यावरण में हमेशा मौजूद हैं, इनकी सूक्ष्म अथवा लेश मात्रा भी 'अर्थपूर्ण' हो सकती है। इन लेश रसायनों के बारे में हमें और अधिक जानने की जरूरत है।"

प्रश्न :

(१) उपर्युक्त गद्यांश किस निबंध से लिया गया है?

(२) रसायन कहाँ मौजूद होते हैं?

(३) रसायनों की कितनी मात्रा अर्थपूर्ण हो सकती है?

(४) उपर्युक्त गद्यांश में लेखक हमें किसके बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने का संदेश देते हैं?

**प्र.२. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक उत्तर लगभग ८० शब्दों में हों :** **(८)**

(१) शनि को 'शनैश्चर' क्यों कहते हैं?

(२) लेखक के मतानुसार किसी व्यवसाय को जल्दी चुनने और छोड़ने से क्या हानि होती है?

(३) चित्रगुप्त को फार्म क्यों भरना पड़ा?

(४) सचदेव बाबू ने मिस्त्री को पहचानने से इनकार क्यों किया तथा इसका यदु मिस्त्री पर क्या प्रभाव पड़ा?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग १२० शब्दों में लिखिए:** **(६)**

(१) विवेकानंद जी ने युवाओं पर कौनसी जिम्मेदारी सौंप दी है?

(२) बुआ जी के घर का वातावरण कैसा था? वर्णन कीजिए।

(३) लेखक ने कुत्ते की स्वामिनिष्ठा को किन प्रसंगों द्वारा स्पष्ट किया है ?

**प्र.३. (अ) निम्नलिखित विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए:** **(४)**

(१) .................... अनंत उघाड़िया, अनंत दिखावण हार। *(अ) मंदिर (ब) लोचन (स) मार्ग*

(२) मुख की है शोभा प्रिय बचनों से, .................... से नहीं। *(अ) चंदन (ब) चाँदी (स) सुगंध*

(३) गर्मियों के .................... दिवा का तमतमाता रूप। *(अ) दिन (ब) दिवस (स) मौसम*

(४) प्रतिपल पग .................... चाहिए। *(अ) गतिमान (ब) क्रियाशील (स) सक्रिय*

**(आ) निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **(४)**

प्रभु जी तुम चंदन, हम पानी,
जाकी अंग-अंग बास समानी।
प्रभु जी तुम घन बन, हम मोरा,
जैसे चितवन चंद चकोरा।
प्रभु जी तुम दीपक, हम बाती,
जाकी जोति बरै दिन राती।

प्रश्न :

(१) प्रस्तुत पद किसका है? (२) चंदन किसे कहा गया है?

(३) बाती किसे कहा गया है? (४) पानी किसे कहा गया है?

**अथवा**

बहुत याद आता है, मेरा छोटा-सा गाँव
आईने सी बहती नदियाँ और पीपल की छाँव
दरख्त से बँधी, थिरकती, छोटी सी नाँव
महावर लगे, चढ़ते-उतरते वे पाँव

प्रश्न :

(१) प्रस्तुत पद्यांश किस कविता का हैं? (२) आईने-सी क्या बहती है?

(३) क्या थिरकती थी? (४) किस तरह के पाँव चढ़ते-उतरते थे?

प्र.४. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न उत्तर लगभग ६० शब्दों में हों: (६)

(१) कबीर चक्की को भली क्यों कहते हैं?

(२) तुकड़ोजी महाराज के अनुसार शत्रु कैसा होना चाहिए?

(३) देश की जय के लिए बालकवि बैरागी क्या चाहते हैं?

(४) कवि केदारनाथ सिंह टूटे हुए धागों को क्यों उठा रहे हैं?

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग ८० शब्दों में लिखिए: (४)

(१) रहीम के दोहों में दैनिक व्यवहार की बातें किस तरह से अभिव्यक्त हुई हैं?

(२) कवि कुँवर नारायण वृक्ष को दोस्त की तरह क्यों संबोधित करते हैं?

(३) अनामिका ने "वृद्धाएँ धरती का नमक हैं", ऐसा क्यों कहा है?

प्र.५. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग ८० शब्दों में लिखिए: (४)

(१) अहिंसा के बारे में महात्मा गांधी के विचार स्पष्ट कीजिए।

(२) तोक्यो की रेल यात्रा का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

(३) मंत्री कैसा राजा ढूँढ़ना चाहता था और क्यों?

(आ) निम्नलिखित विषयों में से किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए। प्रत्येक टिप्पणी लगभग ६० शब्दों की हो: (६)

(१) डॉ. भीमराव आंबेडकर का ज्ञानसाधना हेतु अमेरिका गमन।

(२) ध्यानचंद का देशप्रेम।

(३) 'टफ्स' का संक्षिप्त परिचय।

(४) लेखक और पुस्तक विक्रेता।

अथवा

(आ) निम्नलिखित में से किसी एक पाठ का सारांश लगभग १२० शब्दों में लिखिए:

(१) अहिंसा की शक्ति। (२) यात्रा जापान की।

प्र.६. (अ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों के रचना के अनुसार भेद पहचानकर लिखिए: (२)

(१) लड़कीवालों का अपमान किया और बारात वापस ले आया।

(२) उसी वर्ष गर्मियों में मेरा बद्रीनाथ की यात्रा का कार्यक्रम बना।

(३) सबसे पहले यह जरूरी है कि खतरों को पहचाना जाए।

(आ) कोष्ठक की सूचना के अनुसार किन्हीं दो वाक्यों का काल परिवर्तन करके वाक्य फिर से लिखिए: (२)

(१) मैंने तो इन नवयुवकों का संगठन करने के लिए जन्म लिया था। (पूर्ण वर्तमान काल में बदलिए।)

(२) सल्फर डाइ ऑक्साइड सब जगह पाई गई थी। (सामान्य वर्तमानकाल में बदलिए।)

(३) मैं चोर हूँ तो अब उसी रूप में आता हूँ। (सामान्य भविष्यत्‌काल में बदलिए।)

(इ) (१) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का भाववाचक संज्ञा-रूप लिखिए: (१)

(अ) घबराना (ब) कठोर

(२) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विशेषण रूप लिखिए: (१)

(अ) कल्पना (ब) सुरक्षा

(ई) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो के अर्थ लिखकर उचित वाक्यों में प्रयोग कीजिए: (२)

(१) रूह काँपना। (२) डींग हाँकना। (३) बात को अनसुनी करना। (४) हिदायत देना।

**(उ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके वाक्य फिर से लिखिए:** (२)

(१) मीथेन पानी की भूमिका अदा करता है। (२) जीवन जोखिम से भरी हैं।

(३) इंस्पेक्टर ने कसकर उसे एक हाथ लगायी।

**प्र.७. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग २०० शब्दों में निबंध लिखिए:** (१०)

(१) विज्ञान और शिक्षा। (२) जनसंख्या वृद्धि: एक ज्वलंत समस्या। (३) अगर परीक्षाएँ न होतीं.... !,

(४) एक मुरझाए फूल की आत्मकथा। (५) 'वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे'।

**प्र.८. (अ) निम्नलिखित गद्य खंड को ध्यान से पढ़िए और उस पर आकलन हेतु पाँच ऐसे प्रश्न तैयार कीजिए, जिनके उत्तर मात्र एक-एक वाक्य में हों:** (५)

प्रेम एक ऐसी अलौकिक शक्ति है, जिससे मनुष्य को अनंत लाभ होते हैं। प्रेम से मानसिक विकार दूर होते हैं, विचारों में कोमलता आती है, सद्गुणों की सृष्टि होती है, दु:खों का नाश और सुखों की वृद्धि होती है और यहाँ तक की मनुष्य की आयु भी बढ़ती है। प्रेम ही मनुष्य को साहसी, धीर और सहनशील बना देता है । माता अपने पुत्र के लिए अनंत कष्ट सहती है और स्वयं सब प्रकार के दु:ख भोगकर उसे सुख देती है। माताओं को बहुधा ऐसी अवस्था में रहना पड़ता है, जिसमें यदि प्रेम का सहारा न हो, तो वे बहुत शीघ्र बीमार हो जाएँ, पर वह प्रेम उन्हें रोगी होने से बचाता है। उलटे शुद्ध प्रेम उन्हें बलिष्ठ और सुंदर बनाता है। बिना प्रेम के अच्छी सुख-सामग्री हमें तनिक भी प्रसन्न नहीं कर सकती, पर प्रेम की सहायता से हम बिना किसी सुख-सामग्री के भी परमसुखी हो सकते हैं। अत:प्रत्येक मनुष्य को अपना स्वभाव मिलनसार और प्रेमपूर्ण बनाना चाहिए।

**अथवा**

उपर्युक्त गद्यखंड का एक तिहाई (१/३) अपने शब्दों में 'सार' लिखिए तथा उचित शीर्षक दीजिए।

**(आ) निम्नलिखित पत्र का नमूना तैयार कीजिए:** (५)

महात्मा गांधी मार्ग, विरार से निशांत सिंह/निशा सिंह, व्यवस्थापक, अनमोल प्रकाशन, गिरगाँव, मुंबई-४ को कुछ पुस्तकें मँगाने हेतु आवेदन पत्र लिखता/लिखती है।

**अथवा**

सुभाष/सुषमा देशपांडे, ४७, हेमकुंज, ७, शनिवार पेठ, नागपुर से मैनेजर, देना बँक, लक्ष्मी भवन, पुणे को लिपिक की नौकरी के लिए प्रार्थना पत्र लिखता / लिखती है।

**अथवा**

शीतल पेय का विज्ञापन तैयार कीजिए।

❖❖❖